व्यायाम, दृष्टि।

(ii) विश्व क्रिकेट में भारतीय टीम का प्रदर्शन बहुत खराब रहा। इस खराब प्रदर्शन के पीछे कई कारण हैं। एक तो हमारे खिलाड़ी अच्छा नहीं खेले। कोई एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि सारी टीम ही मैदान में असफल रही। दूसरी, टीम को लेकर जो योजनाएँ बनाई गई थीं वे नकारात्मक सिद्ध हुईं। तीसरे, हमारी तैयारी ठीक नहीं थी। वास्तव में, सारी तैयारियाँ सिर्फ़ मीडिया में हो रहीं थीं, मैदान पर नहीं। वास्तव में इस हार में खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों से ज़्यादा अधिकारी ज़िम्मेदार हैं। टीम के मैनेजरों, कोच और खिलाड़ियों में कोई सामंजस्य नहीं था। यदि हमें भारतीय क्रिकेट को सुधारना है तो हमें कई स्तर पर काम करना होगा। हमें अपनी पिचों पर ध्यान देना होगा। बोर्ड के चुनाव में होने वाली धाँधलियों को रोकना होगा। क्रिकेट बोर्ड को पारदर्शी बनाना होगा।

(क) विश्व कप क्रिकेट में भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन के दो कारण लिखिए।

(ख) भारतीय टीम के प्रदर्शन को सुधारने के लिए क्या करना चाहिए?

(ग) खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन के लिए अधिकारी किस प्रकार ज़िम्मेदार हैं?

(घ) वाक्य बनाइए– नकारात्मक, पारदर्शी।

(ङ) उपसर्ग अलग कीजिए– प्रदर्शन, असफल।